दिल्ली में घी, मक्खन और दूध से बनी वस्तुओं की भारी किल्लत

*147. **श्री दिग्विजय सिंह** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि दिल्ली में काफी लम्बे समय से घी, मक्खन और दूध से बनी वस्तुओं की भारी किल्लत रही है ;

(ख) यदि हां, तो इसका क्या कारण है ;

(ग) क्या यह सच है कि ठेकेदारों के फायदे के लिए इन चीजों का कृत्रिम संकट उत्पन्न किया गया है, यदि नहीं तो दिनांक 23 सितम्बर, 1994 के "जनसत्ता" में प्रकाशित खबर पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है जिसमें यह कहा गया है कि सरकार ने निजी ठेकेदारों के फायदे के लिए घी और मक्खन का कृत्रिम संकट पैदा किया है ; और

(घ) साधारण जनता को घी और मक्खन की सामान्य आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : (क) तथा (ख) माह अगस्त, सितम्बर तथा अक्तूबर 1994 के दौरान देश में विशेषकर दिल्ली में दूध, मक्खन तथा घी की कमी रही । दुग्ध उत्पादन में यह कमी अस्थायी तौर पर बाढ़ के कारण चारे तथा पशुओं के लिए पौषक आहार की कमी हो जाने के परिणामस्वरूप आई थी ।

(ग) यह कहना सही नहीं है कि ठेकेदारों के फायदे के लिए सरकार ने कृत्रिम अभाव की स्थिति उत्पन की ।

(घ) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड को 2000 मी. टन बटर आयल के आयात की अनुमति दी गई थी । सहकारी डेरी परिसंघों ने जो दिल्ली को मक्खन तथा घी की आपूर्ति करते हैं, दिल्ली में अपनी आपूर्ति बढ़ा दी है । विशेषकर दिल्ली में मक्खन तथा घी की जो कमी थी वह अब काफी हद तक बेहतर हो गई है ।

Use of plot allotted to DCM Group

*148. SHRIMATI KAMLA SINHA : DR. BAPU KALDATE

Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have allowed the DCM group to develop a plot located in Bara Hindu Rao area overruling the official views and the views of DDA regarding the use of the land;

(b) if so, what are the details of the official as also of DDA's views in respect of the use of the plot allotted to DCM group for development; and

(c) what are the reasons for not accepting the views expressed in this connection ?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SMT. SHEILA KAUL) : (a) to (c) The Government had received representations from Delhi Cloth Mills Ltd. (DCM) requesting, inter-alia for directing Delhi Development Authority under Section 41 of Delhi Development Act, 1957 to withdraw and cancel 10 letters of determination of leases, all dated 3-12-1992, and, further, to renew the leases and permit the company to re-develop the leasehold lands.

These representations were considered by Delhi Development Authority, who, vide their resolution dated 2-2-1993, resolved to reject the request of Delhi Cloth Mills Ltd, on the ground, inter-alia, that the land in question was required to be utilised for making up deficiencies in respect of facilities as per the need s of the population comprised in the special area. The Authority's resolution was forwarded to the Government and, after considering all the facts pertinent to the case, the Government decided that there should be no objection to the Delhi Cloth Mills undertaking, in consultation with Delhi Development Authority, the provision of common facilities identified by Delhi Development Authority as per Master Plan norms. Accordingly, directions were issued to Delhi Development Authority under Section 41(3) of Delhi Development Act, 1957 stating, inter-alia, that the lease of 11.7 acres of land leased out by the earstwhile Delhi Improvement Trust to DCM should be restored to the latter for development of such deficiencies as are identified by Delhi Development Authority, as per